HDFC जीवन बीमा
1 करोड़ रु. का बीमा केवल रु. 18/दिन में

'जागो ग्राहक' पर नुक्कड़ नाटक

बल्लभगढ़। अग्रवाल कॉलेज में मंगलवार को जागो ग्राहक जागो विषय पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम कॉलेज प्रॉचार्य डॉ. कृष्णकान्त गुप्ता के दिशा-निर्देशन में किया गया। वाणिज्य फोरम के तहत उपभोक्ता संरक्षण जागो ग्राहक जागो विषय पर वाणिज्य की छात्रओं द्वारा उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम पर पावर प्रजेंटेशन दिया और छात्रओं को इस अधिनियम के विविध पहलुओं से अवगत करवाया गया। कार्यक्रम के दौरान उपभोक्ता संरक्षण एवं जागरूकता के संदर्भ में रोचक जानकारीप्रद डाक्यूमेन्ट्री विद्यार्थियों के लिए प्रदंशित की गई। विद्यार्थियों के एक समूह ने नुक्कड़ नाटक का मंचन किया, जिसमें उपभोक्ता से संबंधित विभिन्न समस्याओं और उनके समाधानों का मनोरंजनात्मक रूप में प्रस्तुतीकरण किया।